## खबर संक्षेप

### ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया 25 जून से होगी प्रारंभ

**छिन्दवाड़ा।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा ने बताया कि म.प्र.शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाडा के विकसित औद्योगिक भूमि के आवंटन के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। विकसित औद्योगिक भूमि औद्योगिक क्षेत्र इमलीखेडा (तहसील छिंदवाडा) में 557.4 वर्गमीटर, एग्रो काम्पलेक्स खजरी (तहसील छिंदवाडा) में 1200 वर्गमीटर एवं अर्धशहरी औद्योगिक संस्थान पांढुर्णा (जिला पांढुर्णा) में 935.33 वर्गमीटर का आवंटन प्रथम आओ प्रथम पाओ की पध्दति से इलेक्ट्रॉनिक पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। आवेदन करने की प्रक्रिया 25 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी और 01 जुलाई 2024 को शाम 5 बजे तक रहेगी। विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट https://www.mpmsme.gov.in से की प्राप्त जा सकती है।

### सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा अमरवाडा विधानसभा उप निर्वाचन के लिये नियुक्त सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। इस दौरान मास्टर ट्रेनर श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उप संचालक कृषि एवं नोडल अधिकारी मैनपॉवर मैनेजमेंट श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, सहायक नोडल श्री धीरज ठाकुर सहित सभी सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों के लिये एमपी टास पोर्टल खोला गया 30 जून तक

**छिन्दवाड़ा।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सतेन्द्र सिंह मरकाम ने बताया कि आयुक्त अनुसूचित जाति विकास म.प्र.भोपाल द्वारा आज वीडियो क्रान्फेंस में दिये गये निर्देशानुसार शैक्षणिक वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के लिये नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिये अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना के आवेदन प्राप्त करने के लिये एमपी टास पोर्टल 30 जून 2024 तक खोला गया है।

### ठेकेदार की दबंगई से प्राचार्य सहित पालकगण है परेशान

# चावलपानी विद्यालय परिसर में ठेकेदार ने कर रखा है 250 ट्राली रेत का अवैध भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



चावलपानी विद्यालय परिसर में ठेकेदार ने 250 ट्राली रेत का अवैध भंडारण कर रखा है। चावल पानी स्कूल परिसर में ठेकेदार वर्मा की दबंगई के चलते विद्यालय प्राचार्य से लेकर पालक तक परेशान हैं। विद्यालय परिसर में बिल्डिंग बनाने वाले ठेकेदार की दबंगई देखने को लगातार मिल रही है। विद्यालय परिसर में ठेकेदार वर्मा द्वारा 250 ट्राली रेत का अवैध रेत का भंडारण कर रखा है। रेत का अवैध भंडारण इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि छेत्र में कोई भी रेत खदान स्वीकृत नही है। ठेकेदार के द्वारा स्थानीय रेत माफियाओं से मिलकर अवैध रेत का उत्खनन कर भंडारण किया गया है। क्षेत्र के जनपद सदस्यों ने तहसीलदार को लिखित शिकायत की जा चुकी है। तामिया जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रीय जनपद जन प्रतिनिधि जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 3 देवी सिंह उइके क्रमांक 2 देवी सिंह पटेल एवं क्षेत्र क्रमांक 01 प्यारेलाल उइके द्वारा कुछ दिन पूर्व तहसीलदार तामिया को लिखित आवेदन देकर शिकायत की गई है कि उक्त ठेकेदार की दबंगई से पूरा प्रशासन परेशान है। जनप्रतिनिधियों के द्वारा मना करने के बाद भी ठेकेदार द्वारा आवेदन रूप से रेत का लगभग ढाई सौ ट्रॉली रेट का अवैध भंडारण सरकारी परिसर बालिका विद्यालय परिसर ग्राउंड में किया गया है। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि देवी पटेल देवी सिंह उइके एवं प्यारेलाल उइके द्वारा आपत्ति दर्ज कर तहसील तामिया में शिकायत की गई है। इसके साथ ही समय पर उचित कार्रवाई न होने पर कलेक्टर के समक्ष शिकायत करने की बात कही गई है।

क्षेत्रीय जनपतिनिधि देवी सिंह उइके ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा मना करने के बाद भी अवैध रूप से रेत माफियाओं से मिलकर ढाई सौ ट्राली का अवैध स्टॉक बालिकाओं के ग्राउंड में रखा गया है। रेत का स्टॉक होने के कारण आदिवासी वर्ग की बालिकाएं बारिश के समय उसी रेत से होकर गुजरना पड़ेगा। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने शिकायत में बताया कि कई बार मना करने के बाद भी ठेकेदार के द्वारा अकड़ पूर्वक रेत माफिया से मिलकर ढाई सौ ट्राली स्टॉक विद्यालय भवन के सामने किया गया है एवं बालक छात्रावास के किचन शेड के सामने एक ट्राली गिट्टी का भंडारण किया गया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ने तहसीलदार से उचित कार्रवाई करने की बात कही है वहीं समय पर कार्रवाई न होने पर छिंदवाड़ा कलेक्टर का घेराव करने की बात कही है।

### एक हुआ गंभीर रूप से घायल

# पेंच नदी में सड़क हादसे में गई एक नौजवान की जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा थाना अंतर्गत पुलिस चौकी सिंगोड़ी की पेंच नदी में आज एक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई सिंगोड़ी पुलिस के अनुसार छिंदवाड़ा से खरीदी करके आ रहे पतिराम पिता रामकुमार वर्मा उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी हिवरखेड़ी की मौके पर ही मौत हो गई तो वही इसके साथ पीछे बैठा एक युवक अन्तोष वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया दोनो निवासी हिवरखेड़ी के है। घायल युवक को तुरंत ही108 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा पहुंचाया गया है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार छिंदवाड़ा की ओर से से एक ट्रक तेज रफ्तार से नरसिंहपुर की और जा रहा था इस बीच छिंदवाड़ा से आ रहे वर्मा परिवार के दोनो सदस्य इसकी चपेट में आ गए। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया।सिंगोड़ी पुलिस को सूचना मिलते ही वह मौका स्थल पर पहुंच गई जिसमे चौकी प्रभारी अविनाश पारधी सहित पुलिस बल पहुंच गया तत्पश्चात पुलिस द्वारा मृतक को परिवार वालो की उपस्तिथि में चौपहिया वाहन में उठाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अमरवाड़ा सिविल अस्पताल भेज दिया गया। वर्मा परिवार में शोक की लहर है। पुलिस द्वारा मार्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।



# ट्रेन की चपेट में आया युवक हुआ घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ट्रेन की चपेट में आने से गुरुवार शाम को एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया,घटना गुजरखेड़ी गांव के पास की है.आरपीएफ के मुताबिक घटना के दौरान बेरडी निवासी नंदू पिता मारोतराव हिवरकर रेल्वे ट्रेक पर सोया हुआ था।इस बीच वह नागपुर की ओर से आ रही ट्रेन क्रमांक 08265 की चपेट में आ गया।शाम पांच बजे के बाद हुई घटना में नंदू के दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।जानकारी मिलने के बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने मौके पर पहुंचकर उपचार किया। सौंसर के सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद नंदू को गंभीर अवस्था में नागपुर रेफर किया गया है,आरपीएफ के द्वारा घटना की जांच कर रही है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं की जा रही है।

# सड़क पर गंदगी करने वाले दुकानदारों के काटे चालान



**छिंदवाड़ा।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय ने निगम के स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किए है। इन निर्देशों के पालन में गुरुवार को होटल देव के सामने गंदगी करने वाले दुकानदारों पर चालान की कार्रवाई की गई एवं पॉलिथीन जप्त की गई । इस कार्यवाही में दुकानदारों पर 3500 रुपए का जुर्माना किया। कार्यवाही में स्वच्छता निरीक्षक मंगेश राव पवार, रामवृक्ष यादव अनिल लोट, सुनील मालवीय सुनील मालवीय और अतिक्रमण दल के सदस्य उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री की भेंट

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग एवं राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार स्कूल चलें हम अभियान 2024-25 के 3 दिवसीय कार्यक्रम में आज भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह सहित उनके द्वारा नामांकित जिले के 164 प्रथम एवं व्दितीय श्रेणी के अधिकारी एवं छिंदवाड़ा जिले में पंजीकृत 5652 प्रेरक के द्वारा आवंटित/चयनित स्कूलों में पहुंचकर अध्यापन कार्य कराया गया तथा विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप अध्ययन सामग्री भेंट की गई।

कलेक्टर श्री सिंह स्वयं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदनगाव पहुँचे और विद्यार्थियो का मार्गदर्शन कर गणित विषय की अवधारणाओं को समझाया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल भी साथ थे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल ने खुनाझिरकला में बच्चों की क्लास ली तथा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन दिया।

### बिना लाइसेन्स चल रही कोका-कोला एजेंसी सील

**छिन्दवाड़ा।** संपूर्ण प्रदेश में चलाए जा रहे मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री गोपेश मिश्रा द्वारा आज कुण्डीपुरा थाने के सामने संचालित कोका-कोला एजेंसी फर्म "पार्वती ट्रेडर्स" को खाद्य लाइसेन्स नहीं होने के चलते सील कर दिया है । महत्वपूर्ण बात यह है कि जबलपुर स्थित कोका-कोला निर्माणकर्ता फर्म "उदयपुर बेवेरेजेस लिमिटेड" द्वारा भी ऐसी बिना लाइसेन्स फर्म पार्वती ट्रेडर्स को भी बकायदा कोल्डड्रिंक की आपूर्ति की जा रही है । जबकि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियम 2011 खाद्य कारोबारकर्ताओं का अनुज्ञापन एवं रजिस्ट्रीकरण में अनुज्ञप्ति की शर्तों में 14 नंबर के क्रमांक पर स्पष्ट लिखा है कि कोई भी निर्माणकर्ता फर्म खाद्य कारोबार केवल खाद्य अनुज्ञप्ति प्राप्त खाद्य कारोबारकर्ताओं से ही करेगी और उसका रिकॉर्ड भी रखेगी ।

### डी.एफ.एस.ई. कोर्स का हुआ शुभारंभ

**अमरवाड़ा।** नगर की रोजगार मुखी संस्थान कौशल एवं उद्यमिता विकास संस्थान (सेडी) और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ फायर सेफ्टी नागपुर संस्था के संयुक्त तत्वाधान में अमरवाड़ा नगर में डिप्लोमा एंड फायर सेफ्टी इंजीनियरिंग 1 वर्षीय पाठ्यक्रम के द्वितीय बैच



का शुभारंभ स्थानीय संस्था मैं किया गया संस्था के ऑफीसर राजकमल जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के सीनियर रीजनल मैनेजर अंबुजा फाउंडेशन हिमाद्री चट्टोपाध्याय एवं डीडीएम नाबार्ड श्वेता सिंह, गवर्नमेंट कॉलेज अमरवाड़ा के प्रोफेसर जितेंद्र झरबड़े , अरविंद धुर्वे संस्था प्रमुख शैलेंद्र वर्मा के हंसते किया गया कार्यक्रम को मुख अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि डिप्लोमा एंड फायर सेफ्टी इंजीनियरिंग प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत रूप में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया गया और बताया गया कि हर व्यक्ति के अंदर अपना गुण होता है उस गुण के माध्यम से आप सभी को अपना रोजगार और स्वरोजगार स्थापित करना है संस्था के सहयोग से संस्था का प्रमुख उद्देश्य कौशल विकास के माध्यम से आपको सही दिशा दिखाना है कि आप अपने परिवार का सहयोग कर सकें एवं परिवार का पालन पोषण कर सकें कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपना अनुभव साझा किया गया साथ ही साथ प्रशिक्षणार्थियों को बैग किट सेफ्टी किट यूनिफॉर्म किट का वितरण मुख्य अतिथियों के हंसते किया गया अन्य सामग्रियां प्रदान की गई इस अवसर पर संस्था मैं संचालित सभी ट्रेडो के ट्रेनर , प्रदीप साहू, सचिन यादव, हिंशुराम धुर्वे, सत्यम तिवारी, अनीश खान, घनश्याम विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

# जनप्रतिनिधियों ने सौंपा बोरगांव स्कूल से अतिक्रमण हटाने ज्ञापन

### ग्राम वासियों के साथ-साथ स्कूली छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं को होती है परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

गुरुवार को ग्राम पंचायत बोरगांव के जनप्रतिनिधियों ने अनुविभागीय अधिकारी सौसर को शास हाईस्कुल बोरगाव पानी के टंकी के पास,परिसर का अतिक्रमण हटाने को लेकर ज्ञापन सोपा गया।ज्ञापन के संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत बोरगांव सरपंच पंकज श्रीपद दातारकर, उपसरपंच घनश्याम कालपांडे,पंच पुरुषोत्तम काकडे, राजकुमार ताजने, प्रफुल्ल देवतले,श्वेता पूसदेकर, संगीता ढोके, मधु कुमारी,सविता हिगवे,आदि ने बताया किशास. हाईस्कुल ग्राम बोरगांव पानी के टंकी के पास लोगों ने अतिक्रमण किया गया है। हालाकि प्रकरण न्यायालय मे चला है। अनावेदक केस हार भी गये है। वर्तमान मे प्रकरण अपिल मे है। वर्तमान में यहां पर संचालित हो रही शाला के बच्चो को ग्राउंड नही होने से बहुत परेशानी हो रही है। जिसके चलते आए दिन स्कूली बालक बालिकाओं के द्वारा खेलकूद एवं अन्य आयोजनों को लेकर शिकायतें की जा रही है। न्यायालय में केस हारने के बावजूद इसके यहां चार पांच लोगो द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाये गये है। यहां पर फैले हुए अतिक्रमण के कारण ग्राम वासियों के साथ-साथ स्कूली छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं को भी भारी परेशानी हो रही है।प्रशासन ने उक्त परिसर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करनी चाहिए।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम स्कूल चले हम संपन्न

**जुन्नारदेव।** शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में भविष्य से भेंटर कार्यक्रम में वार्ड पार्षद, जनप्रतिनिधि, शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थित में स्कूल चले हम एवं प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।पार्षद भाजपा नेता अपील समिति सदस्य संजय जैन ने भविष्य से भेंटर कार्यक्रम स्कूल चले हम में, बच्चों को प्रोत्साहित किया और शासन की योजनाओं को जो विद्यार्थियों को प्राप्त होती है उसकी जानकारी बच्चो को बताई। बच्चों को शाला में नियमित अध्यापन करने और अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा दी। भविष्य से भेट कार्यक्रम में बच्चों के पालको को प्रेरक बनाया गया। शाला के लगभग 20 पालको ने प्रेरक के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया। कार्यक्रम में बी आर सी कार्यालय से बीएसी अवधेश कुमार विश्वकर्मा, पार्षद अमित यादव पार्षद संजय जैन प्रियंका तिवारी,रचना मिश्रा,रीना निकोसे प्रधान पाठक ओम प्रकाश नामदेव प्रदीप सिंह ठाकुर उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में पालक शिक्षक संघ के सभी सदस्य,शाला के शिक्षको और जनप्रतिनिधियों का सहयोग रहा।

### सीईओ ने खुनाझिरकलां में बच्चों की क्लास ली

**छिन्दवाड़ा।** स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुनाझिरकलां पहुंचे तथा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया व उनके भविष्य के प्रति उन्हें आवश्यक जानकारियां प्रदान की। विद्यालय में बच्चों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जैसवाल के समक्ष गणित, अर्थशास्त्र तथा जीव विज्ञान के प्रश्नों के बखूबी उत्तर दिए। सीईओ जिला पंचायत श्री जैसवाल द्वारा गणित विषय के शिक्षक की सराहना भी की गई । भविष्य से भेंट कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्री जैसवाल के साथ जिला परियोजना समन्वयक श्री जे.के.इडपाचे, निपुण प्रोफेशनल सुश्री हर्षिता शर्मा, विकासखंड समन्वयक श्री संगीत जैन, विकासखंड अकादमिक श्री अरविंद भट्ट व मनोज कोलारे उपस्थित थे।

# बफर जोन के बाद चावलपानी की दूधी नदी में शुरू हुआ रेत का खनन

### आखिर किसके संरक्षण में चल रहा अवैध रेत परिवहन का खेल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया विकास खण्ड के अंतर्गत थाना माहुलझिर के ग्राम चावलपानी से 6 किलोमीटर दूर गाडरवारा मुख्य मार्ग में जामगांव के पास दूधी नदी में रात के अंधेरे में रेत माफियाओं द्वारा रेत का अवेध उत्खनन किया जाता है । इसके लिए बाकायदा माफियाओ द्वारा ५ से ज्यादा मोटरसाइकिल से हर चौक चौराहो पर रैकी की जाती है। रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है की 12 से ज्यादा ट्रैक्टरों के द्वारा रेत ढोई जा रही है जिसकी एक प्रतिश्ठान में लगे सीसीटीवी में बकायदा रिकॉर्डिंग मौजूद हैं। चावलपानी से झिरपा और आस पास के गावों में सफ्लाई हो रही है । झिरपा चावलपानी मार्ग पर जगह जगह सड़क पर रेत बिखरी पड़ी हुई है जिस कारण आये दिन बाइक सबार बच्चों सहित सड़क में फिसल कर प्रतिदिन अस्पताल पहुंच रहे है झिरपा चावलपानी छेत्र में रेत का खेल आखिर किसके सरक्षण में ये खेल चल रहा हैं । रात होते ही ट्रैक्टर रेत भरने के लिए दूधी नदी में चले जाते है और दिन का उजाला होते ही गायब हो जाते है ,वही माहुलझिर पुलिस की गश्ती पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं,जब रेत माफिया पुलिस के किसी अधिकारी का संरक्षण के चलते कार्य करना बता रहे हैं। वही वन विभाग की नाक के नीचे फारेस्ट से रेत निकल रही है।वही छेत्र के खुद जनप्रतिनिधि अपना रुतवा दिखा कर अवेध खनन में लगे हुए हैं।वही विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ गरीब व्यक्ति का ट्रैक्टर पकड़ कर वाहवाही लूट रहे हैं। वही चावलपानी मे खुले में जगह जगह रेत के अवैध भंडारण रेत चोरी का जीता जागता उदाहरण है। नज़रपुर कामठी दूधी नदी से झिरपा की दूरी 26 किलोमीटर है ऐसे में पुलिस की गस्ती पर भी सबाल उठ रहे हैं की आखिर पुलिस की गस्ती में ट्रैक्टर नजर नही आते है।ओर मिलते भी है, तो कार्यवाही क्यों नही होती। इन रेत माफियाओं द्वारा झिरपा सहित आसपास के गांव में 3000 से 4000 रुपये ट्राली तक वेची जा रही है।

**वन विभाग की आँख के सामने से चल रहे ट्रैक्टरः** चावल पानी स्थित वन विभाग के नाके के सामने से एक दर्जन से ज्यादा रेत से भरे ट्रैक्टर रात मै गुजर रहे हैं! फिर भी वन विभाग ट्रैक्टरों को देखकर भी अनजान बन रहा है! और इन ट्रैक्टरों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है! जबकि उक्त जगह जहां से रेत निकल रही हैवह वन विभाग और राजस्व विभाग दोनों की नदी है।

### कुंडीपुरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही, मशरूका भी की जब्त

# चोरी करके आग लगाने वाले आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



पिछले दिनों चोरी करके आग लगाने वाले आरोपी को आखिरकार पुलिस ने धरदबोचा ही लिया। मिली जानकारी के अनुसार शहर के थाना कुंडीपुरा क्षेत्रांतर्गत कॉली बॉडी हिल्स कॉलोनी / खापाभाट / डीडीपुरम कॉलोनी में अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर आग लगाने की घटना निरन्तर हो रही थी, इस प्रकार की घटना की पुर्नवतति न हो इस हेतु पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा मनीष खत्री के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक ए.पी. सिंह के मार्गदर्शन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया । टीम द्वारा उक्त घटनाओं के (1) घटना स्थल :- कॉली बॉडी हिल्स छिंदवाडा के फरियादी मोनू राय के किराये का मकान में दिनांक 18-19/06/24 की दरम्यानी रात चोरी कर आग लगाना जिस पर अप.क्र. 388/24 धारा 436,450 भादवि, खापाभाट के फरियादी रतिराम यादव व डीडीपुरम कॉलोनी के फरियादी करमचंद यदुवंशी के घरों में दिनांक 04-05/06/24 की दरम्यानी रात दोनों घटना स्थलो पर चोरी कर आग लगाने पर पृथक –पृथक बाद जांच अप.क्र. 471/24 धारा 436,450 भादवि, अप.क्र. 472/24 धारा 436,450 भादवि के आरोपी की पतारसी हेतु मुखबिर तंत्र व सायबर सेल के सहयोग व टीम के अर्थक प्रयास से आरोपी गोविन्द पिता रामाधार यादव उम्र 34 साल निवासी मेघासिवनी थाना कुंडीपुरा को गिरफ्तार किया गया । आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार कर बताया की प्लेटिना मोटर साईकल सिहोरा के शिव जी के मंदिर से चोरी की थी उक्त गाड़ी से रात में घूमता था, जो घर सूने होते थे उसमें ताला तोड़कर चोरी करता था और सबूत न मिले इस कारण अपने साथ एक प्लास्टिक की बोतल में मिट्टी का तेल व लाईटर लेकर चलता था जिस घर में चोरी करता था मिट्टी का तेल छिड़क कर लाईटर से आग लगा देता था । तीनों घटनाओं को चोरी कर आग लगाना स्वीकार किया, आरोपी गोविन्द यादव के कब्जे से चुराया गया माल मशरूका जप्त किया गया ।

**गिरफ्तार आरोपीः–** गोविन्द पिता रामाधार यादव उम्र 34 साल निवासी मेघासिवनी थाना कुंडीपुरा जिला छिंदवाडा

**जप्त संपत्ति :** – 01. घटना स्थल – कॉली बॉडी के अप.क्र. 388/24 धारा 436,450 भादवि इजाफा धारा 380,457 भादवि में जप्ती(01) दो सोने की चूड़ी, वजनी करीब 24 ग्राम कीमत करीब1,80,000/-रु.,(02) एक सोने का चैन वाला मंगल सूत्र वजनी करीब 14 ग्राम कीमत करीब 1,00,00/-रु.,कुल :- 2,80,000 आंकी जा रही है।

## रिछेड़ा के ग्रामीणों ने जनपद पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम सौंपा मांग पत्र

# सड़क, पेयजल, स्ट्रीट लाइट की सुविधा को ग्रामीण मोहताज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



जनपद पंचायत जुन्नारदेव अंतर्गत आने वाली ग्राम रिछेड़ा में बीते 2 साल से पानी की विकराल समस्या का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। लेकिन यहां व्यवस्था बनाने के लिए सरपंच और सचिव जहमत नहीं उठा पा रहे है। मंगलवार को ग्राम वासियों ने जनपद पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें ग्राम की समस्या को उठाया गया है। ग्राम पंचायत रिछेड़ा अंतर्गत ग्राम सिराढाना के 35 घरो के वाशिंदे पेयजल की समस्या से जूझ रहे है। सड़क और स्ट्रीट लाइट की सुविधा नहीं होने के चलते ग्रामीणों को वर्षाकाल में कीचड से होकर आवागमन करना पड़ता है। गांव में अंधेरा पसरा हुआ रहता जिससे जहरीले जीव जंतु का डेरा रास्ते पर होता है। ग्राम के लोग कपिलधारा कूप निर्माण पूर्ण नही कराएं जाने के चलते पानी की किल्लत झेल रहे है। आंगनवाड़ी, रंगमंच और सड़क निर्माण की लंबे समय से मांग की जा रही है। किंतु ग्राम के प्रतिनिधि और शासकीय कर्मचारी लगातार ग्रामीणों को सुविधा से वंचित रख रहे हैं। ग्राम पंचायत रिछेड़ा के ग्राम सिराढाना में सड़क की सुविधा न होने के कारण दलदल की स्थिति निर्मित हो जाती है ऐसे में नन्हे मुन्ने बच्चे इस सड़क पर आवागमन करने में असमर्थ होते हैं और वह स्कूल त्याग कर घर पर बैठे रहते हैं और रास्ता देखते हैं कि कब बारिश खुलेगी और कीचड़ से सनी हुई सड़क ठीक हो पाएगी ऐसे में बच्चों का भविष्य भी बर्बाद हो रहा है जहां एक और शासन प्रशासन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पुरजोर प्रयास कर रहे हैं वहीं ग्राम पंचायत रिछेड़ा के ग्राम सिराढाना में सरपंच सचिव और जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से ही वंचित है। ज्ञापन सौपकर ग्रामीणों ने शीघ्र ही सड़क, स्ट्रीट लाइट और पानी की समस्या का निदान किए जाने की मांग जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से की है। ज्ञापन सपना के दौरान ग्राम के कृष्णा, कंचन, रवि, राजू, सेवा, महेश, रामकली, कांति, श्याम लता, गिरिजा, रानी, आकाश, विकास, मनोज, चंदन यदुवंशी, पूनम, दिनेश अहिरवार, अशोक, तीरथ, उदल सहित समस्त ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एसक्यूएए पर हुई भंसाली विद्या मंदिर में कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

भंसाली विद्या मंदिर सातनुर में शिक्षक शिक्षिकाओं हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शीर्षक स्कूल क्वालिटी एसेसमेंट और एश्योरेंस फ्रेमवर्क था। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ आर पी काकड़े, बी आर गावंडे, बीइओ मदनलाल गोरले,दिलीप शेंद्रे, सेक्रेटरी मिलिंद ढगे आदि थे।कार्यक्रम का शुभारभ विद्यालय प्राचार्य ज़हीर अहमद पटेल द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यशाला के दौरान संगीत शिक्षक सबील अहमद खान के निर्देशन में श्रीमती दीपिका तीनखेड़े, किरण पवार, शैली ठाकुर द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।श्रीमती सपना जैन,अनामिका बड़वाईक ही कार्यशाला की मुख्य रिसोर्स पर्सन थीं। सहायिका के रूप में श्रीमती श्रद्धा धोटे तथा प्रज्ञा बोहरपी थीं।मुख्य रिसोर्स पर्सन श्रीमती सपना जैन ने एस क्यू ए ए का मुख्य उद्देश्य यह बताया कि शालाओं की गुणवत्ता में वृद्धि ,उत्कृष्टता की मान्यता ,जवाबदेही को बढ़ावा देना और मूल्यांकन के विवरण, संकेतकों की एक श्रृंखला में बेंचमार्क करना आदि के संबंध में जानकारी दी गई।इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# पुष्कर, अनुभव, संचारिक, सुजाता आयुषी, रितिका बने चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आयोजन समिति ने बाटे पुरुस्कार जिला बैडमिंटन के तत्वाधान में आयोजित 5 दिवसीय जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप ओलंपिक स्टेडियम में खेली जा रही है। फाइनल मैचों के बाद पुरुष्कार वितरण के साथ स्पर्धा हुई। इस अवसर पर खिलाड़ियों के उत्सवर्धन हेतु ओलंपिक संघ के सचिव वह जिला शिक्षा अधिकारी श्री गोपाल सिंह बघेल विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैंस ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्मृति चीन भेट किए पुरुष एकल वर्ग में योगेश चंद्रवंशी विजेता वह प्रियांशु सतपति उपविजेता महिला एकल में संचारीका यादव विजेता अदिति बघेल उपविजेता जूनियर वर्ग में रुद्र सोनी, पुष्कर गिरदकर, प्रत्युष मेहरा, अरनव शर्मा, एंजल किर,अदिति बघेल,सुजाता थवरे,अनुज डेहरिया, मिक्सड डबल्स में अश्वंत वा आयुषी विजेता रुद्र वा संचारिका उपविजेता सीनियर डबल्स के संघर्षमय मुकाबले में संस्कार चौरसिया व रुद्र सोनी विजेता योगेश व अश्वांत मार्को उपविजेता रहे स्पर्धा एवं कार्यक्रम का संचालन जावेद खान ने किया आभार प्रदर्शन राकेश चौरसिया ने किया। इस अवसर पर टूर्नामेंट में प्रशिक्षण एवम निर्णायक के रूप में सहयोग करने वाले विनय सिंह, रत्नेश दुबे, संस्कार चौरसिया , आयुषी जैन ,प्रकृति विश्वकर्मा, निकुंज डेहारिया, अथर्व गुप्ता , तरूण सोनी , अशफ़ाक खान, महिमा यादव , लक्ष्मी मार्को को विशेष रूप से स्मृति चिन भेंट किए। जबलपुर व इंदौर जाने वाली टीम की घोषणा 21 जुन को की जाएगी साथ ही खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण देकर आगामी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा।

## रविदासिया धर्म संगठन जिलाध्यक्ष बने योगेश सोनेकर

**सौंसर।** जबलपुर में संपन्न हुई बैठक में योगेश सोनेकर को अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन का जिलाअध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एक प्रसिद्ध व्यक्ति जारी करते हुए श्री सोनेकर ने बताया कि जबलपुर ग्वारीघाट में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन भारत, की प्रांतीय बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव वाघमारे, प्रदेशाचार्य रामदयाल शास्त्री,राधाकिशन बाकोरिया, जोडवाल,प्रदेशाध्यक्ष माधोसिंह अहिरवार, प्रदेश सचिव एड. श्याम अहिरवार, अन्य जिले के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में संगठन को मजबूत करने सामाजिक चर्चा पर विचार संगोष्ठी की गई। इसी बैठक मे सौसर निवासी योगेश सोनेकर,को पांढुर्णा जिले का प्रथम जिलाध्यक्ष घोषित किया गया।साथ ही उपरोक्त संगठन जिला छिंदवाडा का प्रभारी की भी घोषणा की गई।श्री सोनेकर पाण्डुर्णा जिले का दायित्व संभालते हुये जिला छिंदवाडा का भी प्रभार दिया गया। प्रदेश एवं अन्य जिलो से आये पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री सोनेकर का पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार किया।

## नमामि गंगे अभियान की गतिविधि से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखलेश जैन जी के निर्देशन मे एवं ब्लॉक समन्वयक जमाई के श्री संजय बामने जी के मार्गदर्शन मे दमुआ सेक्टर क्रमांक -4 की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नांदना के द्वारा अपने सेक्टर की ग्राम विकास प्रस्फूटन भरदी मे पूर्व मे बने तालाब की जन सहयोग से साफ सफाई किया गया जिसमे नवांकुर संस्था के सचिव कमल बेलवंशी जी के द्वारा ग्राम वासियो को बताया गया की जिसका जल हम प्रतिदिन उपयोग कर रहे है वह हमे मिल जुलकर सफाई करना चाहिए जिससे की वह स्थान साफ सुथरा हो साथ हि नमामी गंगे अभियान के अंतर्गत ग्राम वासियो को जल संरक्षण की सपथ दिलाई गयी गयी जिसमे मुख्य रूप से प्रभु तिवारी बाजीलाल दर्शमा ,वार्ड पंच ,गणेश भोपा सामाजिक कार्यकर्ता, लालसिंह राजभोपा,पूर्व सरपंच, ममता राजभोपा, इंदरवाती बाई, सकून भोपा मुकेश बेलवंशी आदि ग्रामवासी उपस्थित थे।

## जुडो खेल शिविर समापन पर हुआ पुरस्कारों का वितरण

**सौंसर।** खेल युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन हुआ। समापन के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। जिला जूडो संघ के प्रमुख प्रशिक्षक वामन खरात के द्वारा शिविर शिविर में निरंतर एक माह तक प्रशिक्षण दिया गया।पुरस्कार वितरण एवं समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सौसर पालीका अध्यक्ष श्रीमती सुलेखाताई डागा, भवानी माता मंदिर कमेटी अध्यक्ष जयत गुरू इलाहबाद बैंक मैनेजर एस मांझी,वाय आर चंदणकर, चिंतामन डहाके की उपस्थिती में सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया।शिविर संचालक श्री खरात ने बताया की शिविर मे 54 बालक-बालिका जूडो खेल का प्रशिक्षण एक माह तक लिया।शिविर के दौरान बालक बालिकाओं के साथ बच्चो अपनी खुद की आत्मरक्षा कैसे करे पर शारिरिक व्यायाम, मानसिक संतुलन,कार्यक्रम सफल बनाने में सहायक प्रशिक्षक रितिक वाडेकर, लेडिज कोच वैषवी बैस, छिदवाड़ा के कोच नेयसी कहार, सुमन धुर्वे, प्रेमान्शु संदारंग,आदि सहयोग दिया है।

## ग्रीष्मावकाशी कला शिविर का हुआ समापन समारोह



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

स्थानीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में आयोजित ग्रीष्मावकाशी कला शिविर के समापन समारोह में नगर के ख्याति प्राप्त सुकवि एवं रंगाचार्य ब्रजेश हजारी को भाजपा नेत्री,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा बिसेन और नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर के हस्ते विशेष रूप से सम्मानित कर संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्नऔर पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। विदित हो कि ब्रजेश हजारी जहाँ एक लोकप्रिय कवि के नाते देश - प्रदेश में बालाघाट का प्रतिनिधित्व करते हैं, वहीं रंग मनीषी दादा बंगेश्वर मल्लिक द्वारा निर्देशित अनेक नाटकों में मुख्य कलाकार के रूप में इलाहाबाद, गोहाटी, कोलकाता, जबलपुर, भोपाल, रायपुर - विलासपुर और ओड़िशा में भी रंग बिखेर कर अपनी विशिष्ट छाप छोड़ चुके हैं। ग्रीष्मावकाशी इस शिविर में भी शिविरार्थियों को हजारी ने विशेष रंग प्रशिक्षण और अपने मूल्यवान अनुभवपूर्ण संस्मरण सुनाकर अभिभूत किया है। महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय परिवार की ओर से मंजू श्रीवास्तव ने हजारी का साभार स्वागत किया।

## 24 जून से राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के तहत शिविर का होगा आयोजन

**बालाघाट।** राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान का प्रारंभ किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 24 जून को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए स्वयं सेवी संस्था दादा वीरेन्द्र पूरी जी (देवजी नेत्रालय) संस्थान जोतपुर तिलवाराघाट जबलपुर के सहयोग से जिले के सिविल अस्पताल सामू.स्वास्थ्य केंद्रों में नेत्र रोग के निदान के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. मनोज पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की प्रत्येक सीएचओ अपने कार्यक्षेत्र-आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नेत्र की बीमारियों के मरीजों को चिन्हित कर सूचीबद्ध करेगी। साथ ही मोतियाबिंद ऑपरेशन का लक्ष्य हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को 1000 की आबादी पर सात मोतियाबिंद की दर से ऑपरेशन लक्ष्य निर्धारित कर प्रतिमाह लगने वाले ब्लॉक स्तरीय शिविर में मोतियाबिंद मरीजो को भेजना सुनिश्चित करेंगी।

## रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के अध्यक्ष बने रोटे. अखिल वैद्य, सचिव रोटे. अर्चित नेमा और कोषाध्यक्ष बने रोटे. भूपिन्दरसिंघ



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में सामाजिक सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के नए अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का मनोनयन हो गया है। जिनका आगामी एक जुलाई से कार्यकाल प्रारंभ हो जाएगा।

रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के एक वर्षीय कार्यकाल 2024-25 के लिए रोटे. अखिल वैद्य अध्यक्ष, रोटे. अर्चित नेमा सचिव और रोटे. भूपिन्दरसिंघ को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया है। जिनकी अगुवाही में एक साल तक रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के सिग्नेचर इवेंट के अलावा, जिले में सामाजिक गतिविधियों को आयोजित किया जाएगा। जिसका पहला कार्यक्रम आगामी 01 जुलाई को डॉक्टर्स-डे और सीए-डे के रूप में आयोजित किया जाएगा। रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के नवनियुक्त अध्यक्ष रोटे. अखिल वैद्य ने कहा कि जिले में क्लब, सामाजिक सेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य करता आ रहा है। जो वर्तमान में तीन सेवाभावी प्रकल्प स्वर्ग रथ, प्रोजेक्ट सहायतार्थ और कॉर्डिएक एम्बुलेंस की सेवाए दे रहा है, आगामी एक साल में भी जिले में सेवाभावी कार्यो के साथ ही रचनात्मक कार्य किए जाएंगे।

## स्वस्थ्य शरीर के स्वस्थ्य मस्तिष्क के लिए योग अपनाएं : कलेक्टर



### 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 6 विभागों नें स्वयं, समाज और योग पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

10 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन से पूर्व 6 विभागों ने योग के लिए चित्र प्रदर्शनी स्थानीय उत्कृष्ठ विद्यालय में आयोजित की गई। चित्र प्रदर्शनी का शुभारम्भ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रभाग के इकाई प्रभारी श्री अजय बैस ने बताया कि चित्र प्रदर्शनी का विषय स्वयं और समाज के लिए योग विषय रखा गया। जिससे समाज का हर वर्ग योग के लिए प्रेरित हो सकें। यह प्रदर्शनी जिला प्रशासन, आयुष, शिक्षा, योग आयोग और नेहरू युवा केंद्र की सहभागिता से आयोजित हुई। चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस वर्ष हम दसवां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। इस वर्ष का योग दिवस स्वयं, समाज और योग विषय पर आधारित है। योग ऐसी विधा है जो शरीर के विभिन्न अंगों के द्वारा किया जाता है लेकिन इसका असर हमारे मस्तिष्क पर भी पड़ता है। इश्लिये कहते है कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क के लिए योग करना चाहिए। इस लिए हम सबको योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इसकी शुरुआत 21 जून शुक्रवार को उत्कृष्ठ विद्यालय में सुबह 6 बजे से कर सकते है। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से भी बच्चों ने योग को प्रदर्शित किया। वहीं संगम नाटक प्रभाग के कलाकार द्वारा गीत और नाटक के माध्यम से योग के महत्व पर संदेश दिया गया। इस दौरान एडीएम जीएस धुर्वे, जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी उपाध्याय, प्राचार्य सीएम राइस विद्यालय युवराज राहंगडाले, नेहरू युवा केंद्र सीआर जंघेला, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय केएल लिल्हारे और जिला योग आयोग के अध्यक्ष श्री तपेश असाटी उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण मुक्त भूमि में बनेगी पानी टंकी : प्रशासन ने शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



तहसील क्षेत्र कटंगी की ग्राम पंचायत कटेरा में शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर बनाए गए कच्चे मकान को प्रशासन ने गुरुवार को ढहा दिया है. तहसीलदार छवि पंत के आदेश के बाद राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, पुलिस बल, जनपद सदस्य, पंचायत सरपंच और पंचों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. ग्राम पंचायत ने तहसील कार्यालय में शासकीय भूमि खसरा नंबर 92 रकबा 0.279 में से 0.024 हेक्टेयर भूमि पर मोहनलाल नेवारे का अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन किया था. जिसके बाद तहसीलदार ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए आदेशित किया. दरअसल, अतिक्रमणकारी को स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटाने की बकायदा मोहलत भी दी गई थी किन्तु अतिक्रमणकारी ने समय पर अतिक्रमण नहीं हटाया. जिसके बाद आज प्रशासन ने जेसीबी मशीन से अतिक्रमण ढहा दिया. जिस स्थान से अतिक्रमण हटाया गया है. वहां पंचायत ने पानी टंकी का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया है. ग्रामीणों की माने तो करीब 50 साल बाद ग्राम पंचायत कटेरा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई है. इस कार्रवाई के बाद अतिक्रमणकारियों में भय का माहौल निर्मित हो गया है। मिली जानकारी अनुसार मोहनलाल नेवारे को जब प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ मिला तब मोहनलाल ने अपना पुराना मकान तोड़कर सरकारी भूमि पर झोपड़ी तैयार की. तब मानवता के चलते ना तो ग्रामीणों ने विरोध नहीं किया और ना ही पंचायत ने कोई कार्रवाई के लिए तहसील में आवेदन किया. ग्रामीणों को उम्मीद थी कि मोहनलाल आवास का निर्माण होते ही अपना कच्चा कब्जा हटा लेगा. लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से आवास का निर्माण पूर्ण होने के बाद भी जब मोहनलाल ने कब्जा नहीं हटाया तो ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू किया और पंचायत ने पूरे मामले में दखल दिया. पंचायत सरपंच ने तहसीलदार के सक्षम शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन किया. तहसीलदार ने अतिक्रमणकारी को नोटिस जारी कर शीघ्र ही अतिक्रमण हटाने के लिए कहा. मगर, अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो तहसीलदार ने राजस्व कर्मचारियों को पुलिस बल के सहयोग के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए आदेशित किया।

## कटंगी अस्पताल में मनाया गया सिकल सेल दिवस



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी परिसर में विश्व सिकलसेल दिवस मनाया गया. इस दौरान डिंडोरी में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देखा और सुना गया. डिंडोरी में आयोजित कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संबोधित किया. इसके साथ ही राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित करते हुए सिकल सेल उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारियां दी. कटंगी अस्पताल में नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर, पूर्व नपा अध्यक्ष मेष नारायण देशमुख, वार्ड पार्षद कपिल मेश्राम, श्रीमती अपर्णा राउत बतौर अतिथि के रूप में शामिल हुए. इनके अलावा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज दुबे और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज दुबे ने सिकल सेल के बारे में काफी विस्तार से जानकारी दी और बताया कि सिकल सेल का नाम सिकल सेल क्यों पड़ा. उन्होंने बताया कि सिकल सेल अनुवांशिक रोग है. सिकल सेल ऐनीमिया बीमारी लाइलाज बीमारी है, लेकिन सरकार ने इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम प्रारम्भ किया है. गांव-गांव में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और अन्य समाजसेवी संगठनों की मदद से जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है. जिसमें ग्रामीणों को यह बताया जा रहा है कि वह अपने बच्चों को इस बीमारी से बचाने के लिए कौन-कौन सी सावधानी बरत सकते है. कार्यक्रम में बीईई जानकी हीरानखेडे, बीपीएम जवाहरलाल बिसेन, अकाउंटेंट सचिन अग्रवाल, लैब टेक्निशियन प्रीति तिवारी, यशोमती ठाकरे, विशाल बहाने, सत्यम राहंगडाले, एक्स-रे टेक्नीशियन धर्मेंद्र लिल्लारे, नेत्र रोग विभाग से निशांत राहंगडाले, वेनिस गेड़ाम, आईसीटीसी परामर्शदाता चन्द्रदीप साहु सहित स्टाफ नर्स, आशा कार्यकर्ता मौजूद रही।

## पुण्यस्मृति में विशाल स्वास्थ शिविर कल

**लांजी।** महावीर इंटरनेशनल बालाघाट सेंटर (रीजन-9 ) स्व कमला देवी वैद्य, स्व कस्तूर चंद वैद्य जी की पुण्य स्मृति में परिवार के द्वारा महावीर इंटरनेशनल अपेक्स रीजन-9 पूर्व अंतरस्त्रीय उपाध्यक्ष एवं एम आई एफ मेम्बर वीर सोहन वैद्य , मोहनलाल वैद्य , रमेश वैद्य (नारद)जी , पुखराज वैद्य के सहयोग से आगामी 22 जून 2024 शनिवार ,समय 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक , स्थान - आयुष्मान हॉस्पिटल सर्किट हाउस रोड बालाघाट में विशाल चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। पूज्य माता पिता की स्मृति में एवं महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के स्वर्ण जयंती वर्ष 50 वर्ष पूर्ण होने पर किम्स किंग्सवे हॉस्पिटल नागपुर एवं आयुष्मान हॉस्पिटल बालाघाट द्वारा और महावीर इंटरनेशनल बालाघाट के सहयोग से सभी मरीजों की संपूर्ण शारीरिक जांच ।

# वैनगंगा नदी में अब तक मिले 50 मवेशियों के शव, मौके पर पहुंचे कलेक्टर-एसपी

**सिवनी जिले के गांव पिंडरई के पास वैनगंगा नदी में बुधवार को 4 मवेशी मृत मिले थे। इसके बाद तो सिलसिला ही शुरू हो गया। अभी तक वैनगंगा नदी में 50 मवेशियों के शव मिल चुके हैं। पोस्टमार्टम कराने के बाद मवेशियों के शवों को दफनाने की कार्रवाई की गई है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के धनौरा थाना, पलारी पुलिस चौकी और धूमा थाना क्षेत्र में अब तक 50 मवेशियों के शव मिल चुके हैं। गुरुवार को कलेक्टर क्षितिज सिंघल और एसपी राकेश कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच की। इस मामले में थानों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना को अंजाम देने वालों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जिले के धनौरा थाना क्षेत्र के गांव पिंडरई के पास वैनगंगा नदी में बुधवार की शाम 14 और पलारी पुलिस चौकी क्षेत्र में 4 मवेशी मृत मिले थे। मौके पर ही पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मवेशियों के शवों को दफनाने की कार्रवाई की थी।

वहीं गुरुवार को भी इस क्षेत्र में मवेशियों के 4 शव वैनगंगा नदी में उतराते मिले हैं। तेज वर्षा होने के कारण दोपहर तक इन मवेशियों को नदी से नहीं निकाला जा सका था। मौके पर धनौरा थाना के साथ





पलारी पुलिस चौकी का पुलिस बल तैनात है। वहीं गांव के ग्रामीण भी मौके पर एकत्रित हैं।

जिले के धूमा थाना क्षेत्र के गरघटिया और ककरतला के बीच जंगल में भी 28 मवेशियों के शव मिलने का मामला सामने आया है। यहां मिले मवेशियों को भी गले में धारदार हथियार से वार कर मारा गया है। मवेशियों के शव करीब 2 से 3 दिन पुराने बताए जा रहे हैं। मृत मिले इन मवेशियों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद दफनाने की कार्रवाई की है।

### गौमाता की निर्मम हत्या पर सकल हिंदू समाज ने 21 जून को किया सिवनी बंद का आव्हान

सिवनी: सिवनी के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आधा दर्जन गौमाताओं की निर्ममता पूर्वक हत्या कर उन्हें बैनगंगा नदी में फेंक दिया गया। इस कायरता पूर्ण घटना से समस्त सकल हिंदू समाज में आक्रोश व्याप्त है। यह घटना न केवल गौभक्तों के लिए, बल्कि समाज के प्रत्येक संवेदनशील व्यक्ति के लिए दुखद है।

#### सकल हिंदू समाज का आक्रोश

सकल हिंदू समाज इस जघन्य कृत्य की कठोर निंदा करता है और इसे हिंदू धर्म तथा समाज पर सीधा हमला मानता है। गौमाता को हिंदू धर्म में माता का दर्जा प्राप्त है और उनकी हत्या समाज की भावनाओं को आहत करती है। इस अमानवीय कृत्य ने समाज के हर वर्ग को गहरी पीड़ा पहुंचाई है।

#### सिवनी बंद का आव्हान

इस घटना के विरोध में, सकल हिंदू समाज ने 21 जून को समस्त सिवनी जिले में बंद का आव्हान किया है। यह बंद शांतिपूर्ण तरीके से होगा और इसका उद्देश्य समाज की भावनाओं को न्याय दिलाना है। सकल हिंदू समाज ने सभी व्यापारियों, दुकानदारों और आम जनता से इस बंद में सहयोग करने की अपील की है।

जिले के धूमा और धनौरा थाना के साथ पलारी पुलिस चौकी में मवेशियों को मारकर फेंकने वाले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है, वहीं संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इधर संबंधित क्षेत्र के लोगों ने भी ज्ञापन देकर घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की है।

# रोजगार मेले में 422 आवेदकों का विभिन्न कंपनियों में हुआ प्रारंभिक चयन

**कलेक्टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन , जिला रोजगार कार्यालय सिवनी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार 20 जून 2024 को जनपद पंचायत भवन सिवनी में एक दिवसीय जिला स्तरीय कौशल एवं रोजगार मेला का आयोजन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



उक्त मेले में निजी क्षेत्र की 18 विभिन्न कम्पनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में 612 आवेदकों नें अपना पंजीयन कराकर मेले में भाग लिया। रोजगार मेंले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा 422 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया उक्त मेलें मे प्रारंभिक रूप से नव किशान द्वारा 21 , अंबुजा सीमेंट द्वारा 20, विश्वास प्लेसमेंट द्वारा 21, एन एन प्लेंसमेंट द्वारा 22, जेड सिक्यूरिटी द्वारा 30 , डी के कैरियर प्लेसमेंट द्वारा 17, आई आई सी साल्यूशन द्वारा 40, एल एन आई स्किल द्वारा 15, एल आई सी सिवनी द्वारा 28, सीआई आई छिंदवाड़ा द्वारा 40, अर्पित टीव्हीएस द्वारा 11, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस द्वारा 22, आर ई स्टील द्वारा 51, आब्जरवेक्स सिक्यूरिटी द्वारा 18, एम एस ऐसोसियेट द्वारा 15, सेफ शॉफ द्वसास 13 एवं एसबीआई लाइफ द्वारा 38 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। एवं आरएसीटी सिवनी द्वारा 30 आवेंदको का चयन प्रशिक्षण द्वारा किया गया। जिला स्तरीय रोजगार मेले मे उपस्थित कंपनीयों द्वारा सुरक्षा गार्ड, ट्रेनीज, सहायक, काल सेंटर, फील्ड वर्कर, मशीन आपॅरेटर, पर्यवेक्षक, कम्प्यूटर आपॅरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गई। रोजगार मेले मे जिला रोजगार अधिकारी, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं जिला प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# धनौरा में स्थायी कर्मी अनिशिचतकालीन हड़ताल पर




जिले के धनौरा के स्थायी कर्मी वेतन सहित कई मांगो को लेकर 15 जून से अनिश्चित कालीन हडताल हैं। पांचवें दिन भी कर्मचारी हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों ने 17 जून को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में उल्लेख है कि मध्यप्रदेश स्थायी कर्मी कल्याण संघ ब्लॉक शाखा धनौरा के बैनर तले अपनी वेतन और अन्य समस्याओं को लेकर लिखित और मौखिक रूप से समस्याओं का निराकरण कराए जाने के लिए समस्त स्थायी कर्मी अनिश्चित कालीन हड़ताल में रहने के लिए विवश हैं। स्थायीकर्मी कर्मचारियों की ये हैं समस्याएंकी 1. सभी कर्मचारियों का कार्य समय-सीमा पर नहीं हो पाता है, इससे कर्मचारी परेशान हैं। 2. स्थायी कर्मी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का वेतन भुगतान 6 माह से नहीं हो पाया है। 3. स्थायी कर्मी कर्मचारियों को एम्पलाई कोड जारी नहीं किया गया है।4. स्थायी कर्मी कर्मचारियों के सेवा देते हुए मृत परिवार को अनुग्रह राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। TT 5. कर्मचारी एरियर्स राशि का भुगतान नहीं हो रहा है। 6. सहायक ग्रेड 3 अरुण कुमरे के कार्य से सभी कर्मचारी पीडित एवं असंतुष्ट हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कही ये बात इस मामले में धनौरा के विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर.वी. पाराशर का कहना है कि 2 माह का बजट भोपाल से आया है। जितना बजट आता उतने भुगतान के लिए प्रकिया कर दी जाती है। अन्य समस्याओं के समाधान के लिए उच्च अधिकारियों से बात करता हूं।

### सर्पदंश से युवक की इलाज के दौरान मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बरघाट थाना अंतर्गत ग्राम साल्हे में ईट भट्टे के काम करने वाले व्यक्ति को सुबह 4 बजे सर्प काटने से मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छपारा थाने के अंतर्गत ग्राम भीमगढ़ निवासी रामभरोस पिता मेहतर लाल धुर्वे 40 वर्ष ईट भट्टे का काम करने के लिए बरघाट विकासखंड के ग्राम साल्हे ईट बनाने का कार्य करता था, यहां वह एक पटरे में सो रहा था इस दौरान रामभरोस को रात्रि में कान में सर्प ने काट दिया, इस दौरान जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान सुबह 4 बजे मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार जनों को सौपा दिया गया।

### छत से गिरने बच्चा घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर मुख्यालय के अम्बेडकर वार्ड कुम्हारी मोहल्ला निवासी शिवा उके 4 वर्ष दोपहर के समय छत में खेलने के दौरान गिर गया और घायल बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार जारी है।

# शहर में एक, ग्रामीण क्षेत्रों में मिले डेंगू के चार मरीज, सतर्क हुआ अमला

**मुख्यालय समेत समेत जिले में जानलेवा डेंगू बीमारी फैलने की शुरूआत हो गई है।हालही में शहर के टैगोर वार्ड में डेंगू का एक मरीज सामने आया है।वहीं जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू के चार मरीज मिले हैं।इस साल मलेरिया बीमारी के भी अब तक दस मरीज मिल चुके हैं।इसके बाद से मलेरिया विभाग का अमला हरकत में आ गया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



दबाओं का छिड़काव करने के साथ ही मरीज के घर पर धुआं करने की कार्रवाई की जा रही है। इधर शहर में खाली प्लाटों में जमा हो रहे पानी में मच्छर पनपने के कारण डेंगू और मलेरिया बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।

नगर पालिका क्षेत्र में खाली पड़े प्लाट लोगों के लिए समस्या बनते जा रहे हैं।शहर के 24 वार्डों में अनेक प्लाट है जिसमें लोगों ने निर्माण नहीं किया है।वर्षा के कारण इन प्लाटों में ना केवल जलभराव हो रहा है।बल्कि जहरीले जीव जंतुओं के होने का खतरा भी बढ़ गया है।आसपास की गंदगी यहां जमा हो रही है।इससे मच्छरों की संख्या बढ़ रही हैं।ऐसे में डेंगू, मलेरिया बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।पिछले साल नगरपालिका ने प्लाट मालिकों को अपने खाली प्लाट में सफाई रखने के निर्देश दिए थे।साथ ही प्लाटों में गंदगी पाए जाने पर प्लाट मालिक के विरुद्ध कार्रवाई करने के आदेश जारी किए थे।कार्रवाई तो दूर नपा के अमले को यह भी पता नहीं है कि किस वार्ड में कितने और किस व्यक्ति के प्लाट खाली हैं।आदेश देने के बाद नगरपालिका का अमला कार्रवाई करना ही भूल गया है।इसका असर शहर के लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

जिले में तीन साल पहले डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी से एक सौ से अधिक लोग बीमार हुए थे।बीते दस सालों में वर्ष 2021 में सबसे अधिक डेंगू के मरीज मिले थे।इस साल 116 लोग डेंगू फैलाने वाले मच्छर के डंक का शिकार हुए थे।पिछले साल वर्ष 2023 में भी डेंगू के 69 मरीज मिले थे।वहीं इस साल मई माह तक तक डेंगू के मरीज नहीं मिले थे लेकिन जून माह में डेंगू बीमारी के पांच मरीज मिल चुके हैं।

#### और फैल सकता है डेंगू, मलेरिया

जिला मलेरिया अधिकारी रामजी भलावी के अुनसार जिले में पड़ोसी जिलों व महानगरों से यदि कोई डेंगू व मलेरिया से संक्रमित मरीज आता है, तो अन्य लोगों को भी बीमारी का खतरा है।ऐसे व्यक्तियों को यदि सामान्य मच्छर काटता है और वहीं मच्छर दूसरे व्यक्तियों को काट लेता है तो स्वस्थ व्यक्ति भी डेंगू के संक्रमण का शिकार हो सकता है।वर्तमान में हो रही बेमौसम वर्षा के कारण जिले में कई जगह आठ से 10 दिनों का पानी भरा हुआ है।जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में घरों की बाड़ी के पीछे व कच्ची सड़कों में एक सप्ताह से ज्यादा पानी भरे होने के कारण मच्छरों की संख्या बढ़ने की संभावना है।ऐसे में डेंगू बीमारी बढ़ने की संभावना बढ़ गई है।




# भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

शासन के निर्देशानुसार स्कूल चले अभियान के प्रथम चरण में 20 जून को आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिले में पदस्थ अधिकारियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम अंतर्गत जिले में पदस्थ 194 अधिकारियों ने अपने नियत विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने बच्चों को अपना मार्गदर्शन प्रदान कर सभी का उत्साहवर्धन किया। अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा स्वप्रेरणा से बच्चों को पेन, पेंसिल, किताबों के अतिरिक्त खेल सामग्री भी भेंट की गई। अधिकारियों द्वारा उपस्थित अभिभावकों को भी बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया।

# हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा ईनामी बदमाश हुआ गिरफ्तार

**घटना स्थल पर जाकर मुहायना किया गया एवं घटना के बारे में पूछताछ की गई जो मौके से सभी आरोपी फरार हो गये थे । विवेचना के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा चुका था जिसमें एक आरोपी रिपु सुदन घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के हरसंभव प्रयास किये जा रहे थे पुलिस अधीक्षक के द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दिनांक 10/01/24 को 2000 रूपये की राशि की उद्घोषणा की गई है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले में घटित होने वाली आपराधिक घटनाओं पर थाना कोतवाली के द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 13/12/23 को शहबाज उर्फ विलाल निवासी गणेश चौक की रिपोर्ट लेख कराया कि अजीत उपाध्याय,कमल बेन, रिप्पू सुदन, एवं निखिल उर्फ निक्की के द्वारा मार पीट कर एवं जान से मारने की नियत से पिस्टल से मेरे एवं दानिश खान के उपर फायर किया गया जिस पर से थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 1082/23 धारा- 307,294,323,506, भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया ।

जो कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी को



गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकिल भी जप्त की गई है जिसे माननीय न्यायालय पेश किया गया है । जप्तशुदा सम्पत्ति- एक मोटर सायकिल आर-1-5 क्र. एम.पी.-09-क्यूबी-7866 गिरफ्तार आरोपी- रिप्पू उर्फ रिपुसूदन पिता सदारी नागेश निवासी ग्राम देवरीकला थाना छपारा जिला- सिवनी ।



# अनियंत्रित ट्रक पलटा बाल बाल बचे

**सिवनी।** कहानी मझगवां से मक्का भरकर पलारी जा रहा ट्रक बुधवार शाम 4 स्टेरिंग बेल्ट फेल हो जाने की वजह से अनियंत्रित हुआ ट्रक सड़क किनारे पलट गया। ट्रक में मक्का भरा था। यह तो गनीमत रही कि ट्रक सड़क किनारे बने एक घर घुसने से पहले ही पलट गया। ट्रक चालक व परिचालक ट्रक से कूद अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। बताया जा रहा है कि ट्रक का ब्रेक पट्टा टूट गया था। जिसके कारण ये घटना घटी।

### एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 24 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राचार्य आईटीआई सिवनी द्वारा बताया गया कि सोमवार 24 जून को प्रातः 10:30 बजे से संस्था में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है जिसमें मुंद्रा सोलर ऐनर्जी लिमिटेड गुजरात द्वारा 18 से 28 वर्ष के आईटीआई, डिप्लोमा, बीएससी उत्तीर्ण पुरूष अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल होने के लिए इच्छुक प्रतिभागी को अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, चार फोटो तथा रिज्यूम के साथ उपस्थित होना होगा।

# बसों में दिव्यांगों को नहीं मिल रहा छूट का लाभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मप्र शासन परिवहन विभाग द्वारा निजी एवं प्राइवेट बसों में दिव्यांग यात्रियों के लिए शासन के नियमानुसार 50 प्रतिशत किराए में छूट के लिए परिचय-पत्र बनाकर दिव्यांगों को दे रखे हैं। लेकिन इस परिचय पत्र का दिव्यांगों को बसों में कोई लाभ नहीं मिल रहा है। बस संचालकों द्वारा इनसे नियम विरूद्ध पूरा किराया वसूल रहे है। साथ ही इन्हे प्रताड़ति भी कर रहे है। इन दिव्यांगों द्वारा परिचय पत्र दिखाने पर बस कंडक्टर द्वारा अभद्र व्यवहार व गाली गलोच की जाती है।इसी प्रकार का मामला नगर में सामने आया है। नगर के दिव्यांग राजू माली ने बताया कि हमें मप्र शासन परिवहन विभाग द्वारा दिव्यांगता का परिचय पत्र दे रखा है। लेकिन निजी बस संचालक के कंडक्टर आनाकानी करके पूरा किराया वसूलते हैं। साथ ही अभद्रता करते हैं।

सिवनी जिले में एक दिव्यांग व्यक्ति को भरी बस में जलील करने के बाद कंडक्टर ने उस दिव्यांग से पूरा किराया लिया ये घटना सिवनी रोडवेज की बस में घटित हुई दिव्यांग सिवनी से नागपुर की यात्रा कर रहा था उक्त घटना की सूचना दूरसंचार के माध्यम से दिव्यांग व्यक्ति ने आरटीओ अधिकारी को भी दी थी।



यात्रा के दौरान दिव्यांग के साथ हुई घटना की सूचना जब दिव्यांग ने सिवनी जिले के ए आरटीओ के पद में पदस्थ अधिकारी देवेश बाथम को दी तो उन्होंने बजाए दिव्यांग की मदद करने के उल्टा बस कंडक्टर की वकालत करते हुए उस दिव्यांग से कहने लगे की बाउचर में पैसे चढ़ गए हैं किराया आपको पूरे देने होंगे।

दिव्यांगों के लिए बनाए गए नियम कानून की रक्षा करने वाले ही जब उस कानून को तोड़ने वालों के साथ हो जाए तो फिर दिव्यांग मदद की गुहार कहां लगाई ये अपने आप में एक सवाल है।

#### दिव्यांग जाएगा कोर्ट

दूरसंचार के माध्यम से बात करते हुए दिव्यांग ने हरिभूमि टीम को बताया की यात्रा के दौरान उक्त बस के कंडक्टर राजा यादव के द्वारा पब्लिक में मेरी बेज्जती की गई है जिस से मुझे काफी मानसिक पीड़ा हो रही है उक्त सभी बातों को लेकर दिव्यांग आगाममी भविष्य में माननीय न्यायालय के शरण में जाएगा ताकि आगामी भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो सके और किसी भी दिव्यांग को राजा यादव जैसे कंडक्टर दोबारा अपमानित न कर सके।

यात्रा करने के दौरान दिव्यांग ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर दी है एवं संबंधित थाना को इसकी सूचना दूरसंचार के माध्यम से दे दी है पीड़ित दिव्यांग ने आगे बताया कि दिव्यांग जनों के लिए बनाए गए नियम कानून की रक्षा करने वाले आरटीओ देवेश बाथम से उन्हें न्याय की काफी उम्मीद थी मगर सारे घटनाक्रम से जब हमने उन्हें अवगत कराया बावजूद इसके न्याय का हनन हो गया इस बात से ये स्पष्ट होता है कि देवेश बाथम की कार्य प्रणाली निष्पक्ष नहीं हो सकती आगे दिव्यांग ने बताया कि माननीय न्यायालय के शरण में देवेश बाथम बस मालिक एवं बस कंडक्टर के विरुद्ध एलिगेशन लगाएंगे एवं संवैधानिक कार्यवाही करवाएंगे ताकि न्याय का हनन न हो सके क्योंकि दिव्यांग का मानना है कि मेरा देश संविधान से चलता है और इस देश में संविधान ही सर्वोपरि है।

# मत्स्य विभाग द्वारा किया गया निरीक्षण



**सिवनी 20 जून 24/** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के आदेशानुसार जिले में 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित है। मत्स्य विभाग द्वारा प्रतिबंधात्मक अवधि में मत्स्य आखेट एवं विक्रय तथा परिवहन की रोकथाम के लिए सतत रूप से औचक निरीक्षण कार्यवाही की जा रही है।

उप संचालक मत्स्योद्योग ने गुरूवार 20 जून को स्थानीय मत्स्य बाजार का निरीक्षण कर मत्स्य विक्रेताओं को बंद ऋतु के दौरान मत्स्य विक्रय न करने की समझाइस दी । इसके अतिरिक्त थाईलैण्ड मांगूर तथा बिग हेड मछली के मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने के कारण स्थानीय मत्स्य विक्रेताओं को प्रतिबंधित मछलियों का पालन एवं विक्रय न करने की सलाह भी दी गई है

### आज अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु/उ.मा.विद्यालय भैरोगंज सिवनी में आज 21 जून अन्त्रराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रातः 7 बजे से योग, आसन, प्राणायाम आदि का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें विद्यालय संचालन समिति के पदाधिकारी गण विद्यालय में अध्ययनरत भैया/बहिन, अभिभावक बंधु, भगिनी, गणमान्य नागरिक व आचार्य परिवार की उपस्थिति में संपन्न होगा। कार्यक्रम योगाचार्य श्री भगवानदास ऑधवान, श्रीमती सरिता ऑधवान जी के सानिध्य में होगा। उक्त कार्यक्रम में नगरवासियों से आग्रह है कि इस योग दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में पहुचकर लाभ उठाए। इस कार्यक्रम का आयोजन सोमवारी चैक भवन के अम्बेड़कर सभागार में किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### 10 वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज मनाया जाएगा

**बालाघाट।** सांसद श्रीमती भारती पारधी की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को 10 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। योग दिवस पर आयोजित होने वाला जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय उत्कृष्ठ विद्यालय में सुबह 6 बजे से प्रारम्भ होगा। साथ ही जिले की सभी तहसीलों व जनपदों तथा ग्राम स्तर तक योग दिवस पर योग की क्रियाएं की जाएगी। योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन रेडियो के माध्यम से प्रसारित होंगे। इसके पश्चात रेडियो के माध्यम से हु सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम होगा।

### जिले में कुल 30.4 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** 01 जून 2024 से प्रारंभ हुए वर्षा सत्र में 20 जून 2024 तक जिले में 81.4 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 2.2 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई थी। 20 जून को पिछले 24 घंटों के दौरान 12.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मि.मी. है। माह जून में सामान्य रूप से 211.7 मि.मी. वर्षा होती है। जबकि 01 जून से 20 जून तक 142 मिमी वर्षा हुई है। अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 जून को प्रातः 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में बालाघाट तहसील में 1.8 मि.मी., वारासिवनी तहसील में 16.1 मि.मी., बैहर तहसील में 15 मि.मी., लांजी में 5.2 मि.मी., कटंगी में 3.3 मि.मी., किरनापुर में 6.4 मि.मी., खैरलांजी में 3.4 मि.मी., लालबर्रा में 09 मि.मी., बिरसा में 3.6 मि.मी., परसवाड़ा में 00 मि.मी. एवं तिरोड़ी तहसील में 78.3 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस प्रकार बीते 24 घंटों में बालाघाट जिले में कुल 12.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

## ठेकेदार को नहीं है कानून का डर, उड़ा रहा नियम कानून की धज्जियां

# लालबर्रा क्षेत्र में बेख़ौफ़ होकर चल रहा अवैध शराब का धंधा

### पैकारों के माध्यम से गांव-गांव में हो रही देसी विदेशी शराब की बिक्री, शराब दुकानों मे ग्राहको क़ो नहीं दिए जा रहे शराब के बिल

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

महिलाओं द्वारा देश और प्रदेश में नशे को लेकर युद्ध स्तर पर नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। परंतु दुर्भाग्य की बात तो यह है कि अवैध शराब बिक्री की तमाम जानकारी रहने के बावजूद भी प्रशासन इन काले कारोबारी और समाज के दुश्मनों पर नकेल कसने में दिलचस्पी नहीं ले रहा है जिससे अवैध शराब के विक्रेताओं के हौसले बुलंद है। मिली जानकारी के अनुसार शराब दुकान के आजू-बाजू में खुलेआम शराब बैठालकर पिलवाई जा रही है। फिर भी आबकारी और पुलिस विभाग ध्यान नहीं दे रहा है, कार्रवाई के अभाव में गैर कानूनी कार्य करने वाले व्यक्तियों की बल्ले बल्ले नजर आ रही है और वह खुलेआम बैठालकर शराब पिलवा रहे हैं। खास बात तो यह है कि कुछ देसी विदेशी शराब दुकान में तो डिस्पोजल और पानी की बोतल भी बेचीं जा रही है जिससे ग्राहकों को तमाम सुविधा मिल रही है और वह वहीं बैठकर शराब पी रहा है जो नियम विरुद्ध है जिम्मेदार प्रशासन ऐसी गतिविधियों को रोकने में असहाय नजर आ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सिवनी मार्ग पर स्थित ढाबो में रोजाना शाम होते ही शराबियों की महफिले सजने लगती है पर अफसोस की जिम्मेदार विभाग ऐसी गतिविधियों को रोकने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहे है..? गर्रा कनकी से लेकर नेवरगांव (ला.) बस स्टैंड मे, होटल, किराना दुकान, ढाबो मे खुलेआम देसी विदेशी शराब अवैध तरीके से बिक्री कर परोसी जा रही है..? जिसकी चपेट मे युवा, विद्यार्थी गरीब किसान सब के सब बर्बाद हो रहे है। प्रशासन क़ो चाहिए की वह लालबर्रा छेत्र मे गैर कानूनी तरीके से बिक रही विदेशी, देसी शराब पर लगाम लगाए और समाज की बुराई क़ो समाप्त करे।

इसके पूर्व मे अनेको बार गांव गांव मे हो रही देशी विदेशी शराब की अवैध बिक्री के सम्बन्ध जिम्मेदार प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी क़ो अवगत कराया गया कुछ एक कार्यवाही भी हुई परन्तु अभी वर्तमान मे खुलेआम शराब परोसी जा रही है और जिम्मेदार जिम्मेदारी से पल्ला झाड रहे है जिससे शराब के विक्रेता सरेआम शराब परोस रहे है।





### जागरूकता लाने के लिए मोती गार्डन में सेल्फी बूथ का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग को जनमानस तक ले जाने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सीबीसी ने बालाघाट में सेल्फी बूथ का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर 21 जून को किए जाने वाले प्रोटोकॉल का अभ्यास भी किया जा रहा है। जिला योग आयोग अध्यक्ष तपेश असाटी ने कहा कि योग हमारे जीवन का हिस्सा बने। इसको लेकर प्रचार प्रसार भी आवश्यक है, लोग योग के महत्व को समझे। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को व्यवस्थित जीवन शैली अपनाने की आवश्यकता है। आज महिलाएं भी योग कोई महत्व को समझ पा रही है, इसके लिए शहर के अलग-अलग स्थानो में योग कक्षाएं संचालित हो रही है। योग को जनमानस तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है। सीबीसी ने सेल्फी बूथ और योग आयोग, पतंजलि, भारत स्वाभिमान और आयुष विभाग ने योगाभ्यास प्रारंभ करने से योग को लोग जान पाएंगे।



### शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से होगा

## सम्भागीय समीक्षा बैठक से पूर्व जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा जनप्रतिनिधियों ने की

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शपथ ग्रहण करने के बाद प्रदेश के हर सम्भाग के लिए पीएस व एसीएस स्तर के अधिकारियों को सम्भागीय प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया। जिन्हें सम्भाग की समीक्षा सम्भागीय अधिकारियों और समस्त मंत्री, सांसद व विधायको की मौजूदगी में समीक्षा करने के निर्देश है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जबलपुर संभाग की समीक्षा बैठक जबलपुर कलेक्टर कार्यालय में निर्धारित की गई है। इससे पूर्व गुरुवार को बालाघाट जिले के समस्त अधिकारी और विधायकों ने निर्धारित बिंदुओं की समीक्षा की। बैठक में निर्वाचित सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कहा कि केंद्र और राज्य शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से किया जाए। जिससे हर एक पात्र नागरिक को उनका लाभ प्राप्त हो सकें। बैठक में चिकित्सा, शिक्षा, फसल बीमा, पीएम कृषि सिंचाई योजना और मनरेगा के कार्यो पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में लांजी विधायक श्री राजकुमार कर्राहे इस आगामी दिनों में बारिश के दौरान पौधरोपण के लिए 5-5 फिट ऊंचाई प्राप्त कर चुके पौधे लगाने की बात कहीं। जिससे ज्यादा संख्या में पौधे जीवित रह सकें। इसी तरह कटंगी विधायक श्री गौरव पारधी ने विभिन्न विभागों के निर्माण कार्य पूरे गुणवत्तापूर्ण करने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि यदि ठेकेदार समय पर कार्य पूर्ण नही करते या कार्य की गुणवत्ता ठीक नही है तो ठेकेदारों पर समय और कार्यवाही करने को कहा। सांसद श्रीमती पारधी सहित सभी विधायकों ने फोर लेन सड़क निर्माण के कार्यो की समीक्षा करते हुए समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। परसवाड़ा विधायक श्री मधु भगत ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि जिले और नागरिकों का विकास चाहते है। विकास में सभी का योगदान होगा।

## पढ़ाई जीवन में सलीका और समझ लाती है : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासन के निर्देशानुसार गुरुवार को जिले में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन जिले के स्कूलों में किया गया। इसमें अलग-अलग स्कूलों में अधिकारियों ने विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी रुचि को जाना।

भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने उत्कृष्ठ विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा छठवीं के छात्रों से चर्चा कर उन्हें जीवन में पढ़ाई और पुस्तकों का महत्व बताया। उन्होंने छात्रों से कहा कि पढ़ाई सभी व्यक्तियों के जीवन में सलीका और समझ लाती है। जीवन का अनुशासन किताबों की पढ़ाई से मिलता है। पढ़ाई व्यक्ति को सफल बनाती है। इसलिए हमें पढ़ाई में जीवन का उद्देश्य ढूंढने के प्रयास करना चाहिए।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पढ़ाई के साथ खेल को जीवन में शामिल किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी भी परेशानियों से भटकना नहीं, उसका सामना? अपनी समझ और बुद्धि के साथ करने से ही सपने सिद्ध होते है।

## अनियमितता पाए जाने पर 4 मेडिकल स्टोर्स के लायसेन्स किये निलंबित



### इनमेडिकल शॉप के लाइसेंस किये निलंबित

जिन दुकानों के लायसेन्स निलंबित किए गए है उनमे संदीप मेडिकल स्टोर देवलगांव, राणा मेडिकल स्टोर नहरवानी, केसलावाड़ा व गुरुकुल फार्मेसी कंदरिखुर्द के लायसेंस 7-7 दिनों के लिए तथा निरामय मेडिकल स्टोर हट्टा का लायसेन्स 03 दिवस के लिए निलंबित किए गए हैं। निलंबन अवधि के दौरान दुकान संचालक दवाओं का क्रय विक्रय नहीं कर सकेंगे।

साथ ही बालाघाट जिले के समस्त थोक एवं रिटेल दवा व्यापारियों को निर्देशित किया गया है कि दुकान संचालन के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 का पालन करना सुनिश्चित करे। निरिक्षण के दौरान दुकान का संचालन नियमानुसार न किये जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला खाद्य, औषधि व प्रशासन विभाग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि गत माह औषधि निरीक्षक स्वपनिल सिंह द्वारा नगर की मेडिकल शॉप्स का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान दुकानों के संचालन में कई तरह की अनियमितताए पाई गई। मेडिकल शॉप पर शैड्यूल दवाइयों के क्रय-विक्रय रिकार्ड नियमानुसार संधारित नहीं करने के अलावा अवसान तिथि (एक्सपायरी डेट) वाली औषधियों का नियमानुसार संधारित नहीं करना और योग्य व्यक्ति की अनुपस्थिति पाई गई। औषधि निरीक्षक द्वारा संबंधित अनियमितताओं के आधार पर दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किए गए थे। जिसके प्रतिउत्तर में दुकान संचालको के द्वारा प्रस्तुत जवाब में फर्मों द्वारा संतोषजनक तथ्य एवं दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने के कारण एवं शैड्यूल औषधियों के दुरुपयोग की संभावना को ध्यान में रखते हुये औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के तहत नियमों के उल्लंघन पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा दुकानों को स्वीकृत लायसेंस निलंबित किए गए है।

## शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में भी आयोजित हुआ भविष्य से भेंट कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** गुरुवार को स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में प्राचार्य सौरभ कुमार शर्मा के निर्देशन में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिरसा तहसील के तहसीलदार राजू नामदेव द्वारा एक कालखंड अध्यापन सह छात्र-छात्राओं को भविष्य की कल्पना एवं नैतिक मूल्यों की बात कहानी के माध्यम से समझाया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में सफल होने के लिए किस प्रकार से प्रयास करना चाहिए की जानकारी प्रदान करी। साथ ही संस्था में बिरसा वन परिक्षेत्र के अधिकारी रेंजर सौरभ शरणागत ने भी कालखंड लेकर छात्रों में भविष्य को लेकर होने वाली उत्सुकता एवं कक्षा बारहवीं के बाद कैरियर को चुनने के विकल्प का चयन अपने विषय की रूचि के अनुरूप करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। छात्र-छात्राओं में भी इस कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा गया उन्होंने कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षक, डॉक्टर, कलेक्टर, आर्मी, प्रोफेसर एवं अन्य पदों में जाने की जानकारी शिक्षकों से प्राप्त की। कार्यक्रम में पालकों ने भी उपस्थित होकर अपनी सहभागिता दी।

कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक जयप्रकाश यादव, राजेश कुमार धुर्वे, श्रीमती पूजा कुशरे, राजेश कुमार राहंगडाले, उम्मेद केलकर, पुष्पेन्द्र कुमार पालके, शिवपाल टेम्भरे एवं विद्यालय परिवार ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



## अतिथि बोले- संस्कृति के संरक्षण के लिए आवश्यक हैं सांस्कृतिक शिविर का आयोजन

# बालाघाट में हुआ सांस्कृतिक शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले की सांस्कृतिक संस्था नूतन कला निकेतन के 5 वर्ष से 60 वर्ष आयु वर्ग की महिला, पुरूष, और बच्चों के लिए कत्थक नृत्य, वेस्टर्न नृत्य, थिएटर, सुगम गायन, शास्त्रीय गायन आदि विधा सिखाने के लिए 11 मई से 11 जून तक एक माह के शिविर का आयोजन किया गया था। जिसका समापन गत 19 जून की शाम को मैंगनीज इंडिया लिमिटेड, भरवेली के खान प्रबंधक मयंक जैन के आतिथ्य में किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि मयंक जैन ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि प्राचीन विरासत की संस्कृति के संरक्षण के लिए आवश्यक हैं कि सांस्कृतिक शिविर का आयोजन होते रहना चाहिए। समापन कार्यक्रम में बतौर अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर, किरण भाई त्रिवेदी और रोटे. कमलजीत सिंह छाबड़ा सहित अन्य उपस्थित थे।

बता दें कि निकेतन के एक माह के प्रशिक्षण शिविर में लगभग 90 प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न विधाओं को सीखा। जिन्हें भोपाल और खैरागढ और जिले के श्रेष्ठ कलाकारों ने अपनी पारंगत कला से प्रशिक्षित किया। इस दौरान प्रशिणार्थियों ने शिविर में सीखी विद्याओं का प्रदर्शन भी किया।



प्रशिक्षणार्थियों ने कत्थक नृत्य, वेस्टर्न नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की श्रृंखला में हरिशंकर परसाई जैसे प्रसिद्ध व्यंग्यकार के व्यंग्य ''भगत की गत'' व्यंग को थिएटर के प्रशिक्षक कृष्ण कुमार नागेश्वर ने नाटक के रूप में प्रस्तुत कर आज के समय में धर्म और भगवान के नाम पर हो रहा आडंबर को दिखाने का प्रयास किया।

थिएटर के गुरू एवं शिक्षक चंद्रहास बघेल द्वारा माइन नाम का प्रतीकात्मक नाटक की प्रस्तुति दी। शिविर में नुपूर माथरे ने कत्थक, एनी जैन ने वेस्टर्न डांस, कोमल मिश्रा ने सुगम गायन, शास्त्रीय गायन के साथ-साथ तबला और हारमोनियम वादन, अर्चना गुप्ता ने वेस्ट से बेस्ट वस्तु तथा अनुपयोगी वस्तु से आकर्षक और सजावट की सामग्री बनाने, महफूज अली ने चित्रकारी का प्रशिक्षण दिया।

## पी.एम.श्री शासकीय हाई स्कूल बकोड़ा में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

विकासखण्ड लालबर्रा अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बकोडा में शासन द्वारा संचालित पी एम श्री शासकीय हाई स्कूल बकोड़ा में शासन के निर्देशानुसार को 18 जून दिन मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन ग्राम सरपंच पुष्पा नागेश्वर के मुख्य आतिथ्य में श्रीराम नागेश्वर सरपंच प्रतिनिधि के विशेष आतिथ्य में संस्था प्राचार्य जी.आर अंगुरे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर पूजन अर्चन और माल्यार्पण अतिथियों और शाला परिवार के शिक्षको के द्वारा किया गया।

तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पहारों से संस्था के शिक्षकों द्वारा किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम सरपंच पुष्पा नागेश्वर द्वारा नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और मुंह मीठा कराया गया प्रवेश उत्सव में शामिल सभी नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया गया कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा बच्चों के शैक्षणिक प्रगति के बारे में अपने अनुभवों से छात्रों को अवगत कराया वहीं 19 जून को पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में उपस्थित पालकों को विद्यालय के परीक्षा परिणाम और शाला में संचालित गतिविधियों से अवगत कराया गया और विद्यालय में छात्रों की दर्ज संख्या बढ़ाने के लिए और आकर्षक विद्यालय बनाने पर जोर दिया गया जिससे पालक और बालक सहर्षता के साथ स्कूल के प्रति आकर्षित हो इस कार्यक्रम की बेला में 20 जून को भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन प्रमुख अतिथि श्रीराम नागेश्वर सरपंच प्रतिनिधि, गीता बंशपाल की उपस्थिति में समस्त स्टाफ और विद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में आयोजित किया गया। वहीं कार्यक्रम आयोजित दौरान प्रमुख रूप से के. बी बिसेन, वंदना टेकाम, गितेश्वरी खैरवार,एल सी ठाकरे, श्याम सोलंकी, अफरोज खान, ज्ञानेश्वर बिसेन,अजय कटरे, राहुल श्याम कुंवर, लता शिव, वर्षा बरले,भवित कटरे, नरेंद्र सहित अन्य सभी लोग उपस्थित रहे हैं।



## स्कूल चले अभियान अंतर्गत बेहरई पहुंचे बैंक सीईओ पटले



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

स्कूल चले अभियान अंतर्गत कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट सीईओ श्री आरसी पटले शुक्रवार को शासकीय माध्यमिक स्कूल बेहरई पहुंचे। जहां श्री पटले ने स्कूली बच्चों के क्लास पहुंचकर उनसे उनकी जिज्ञासा जानी। जिसमे एक छात्रा ने बताया कि वह डॉक्टर बनना चाहती है जबकि अन्य बच्चों ने अपने अलग अलग विचार रखे। श्री पटले ने संबंधित विषय के बारे में छात्र छात्राओं से चर्चा की। इस दौरान श्री पटले ने स्कूल के स्टाफ से चर्चा करते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा नीति के अनुरूप अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल में भर्ती करवाने स्वयं को सफल प्रयास करने होंगे। ताकि स्कूल में बच्चों की संख्या में और अधिक इजाफा हो सके। श्री पटले ने शाला में दर्ज बच्चों, शौचालय, पीने के पानी की उपलब्धता, रेंप, अध्यापन के लिए कक्ष, मध्यान्ह भोजन सहित शिक्षकों की जानकारी ली। इस अवसर पर स्कूल शिक्षक, ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बस ने बाइक को मारी टक्कर, ससुर और बहू गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर कॉलेज को जोड़ने वाले सड़क मार्ग के नजदीक यात्री बस ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी. हादसे में बाइक पर सवार ससुर और बहू गंभीर रूप से घायल हुए है. घायलों को सबसे पहले प्राथमिक उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी में लाकर भर्ती करवाया गया. जहां से चिकित्सक ने उन्हें आधुनिक और बेहतर उपचार के लिए रेफर किया. परिजन घायलों को नागपुर लेकर गए है. प्राप्त जानकारी अनुसार बीसापुर निवासी 22 वर्षीय रेशमा भैरम शासकीय राजा भोज महाविद्यालय कटंगी की छात्रा है. जो आज सुबह की पाली में पेपर देने के लिए कॉलेज आई थी और पेपर खत्म होने के बाद ससुर छतरलाल भैरम रेशमा को घर ले जाने के लिए पल्सर 220 बाइक से कॉलेज आए थे जो रेशमा को लेकर बीसापुर घर की तरफ लौटकर जा रहे थे. इस दौरान कटंगी से सिवनी की ओर जा रही नारायण बस सर्विस की यात्री बस ने बाइक को टक्कर मार दी. हादसे के बाद मौके पर जमकर चीख-पुकार मच गई. हादसे के बाद मानवता को शर्मसार करने वाली भी हरकते आई. यहां कई लोग मौजूद थे जो घायलों को अस्पताल पहुंचाने की बजाए अपने कैमरे में हादसे का वीडियो बना रहे थे. इस बीच सिंगोड़ी के एक ऑटो चालक ने मानवता और जागरूकता का परिचय दिया और दोनों ही घायलों को ऑटो में बिठाकर अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सक के अनुसार छतरलाल भैरम के पैर की हड्डी टूट गई और शरीर में कई जगह चोट आई. वहीं रेशमा को भी गंभीर मार लगी है. सड़क हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पहुंची जिसने बस को अभिरक्षा में लिया है. पुलिस ने बस चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2024-25
AGRICULTURE
B.Sc.(Hons.) Ag. | B.Tech.
M.Sc.(Ag) (Agronomy/Horticulture)
LAW
BA LL.B. | LL.B. | LL.M.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG. |
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com